Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to undertake enumeration of all castes in Census 2021-laid.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): भारत में हर दस साल में जनगणना होती है । साल 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी और 2021 में अगली जनगणना होनी है । आजादी के बाद से यानी 1951 से वर्ष 2011 तक जो जनगणना हुई है, उसमे जातिगत आधार पर सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का आंकड़ा की प्रकाशित किया जाता रहा है इसमें किसी और जाति का उल्लेख नही हुआ । जबकि वर्ष 1931 तक ऐसा नही था तब सभी जातियों के आंकड़े जनगणना में शामिल किए जाते थे । इस तरह की जनगणना नही होने से ओबीसी और ओबोसी के भीतर के बिभिन्न समूहों का सटीक अनुमान आज तक नही लग सका है ।भारत की 2021 की जनगणना, देश की 16वी जनगणना है ।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना में हर जाति का कालम शामिल किया जाए ।